सं. 05/04/2025 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 15 जुलाई, 2025

**कार्यालय आदेश**

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के निम्नलिखित उप निदेशक (रा. भा.) को तत्काल प्रभाव से उनके नाम के सामने दर्शाये गए मंत्रालय/ विभाग / कार्यालय में तैनात किया जाता है:-

| क्र.सं. | नाम/पदनाम | वर्तमान तैनाती | तैनाती का कार्यालय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मनोज कुमार ठाकुर,<br>उप निदेशक (रा. भा.) | तैनाती अधीन | आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय |

2. प्रधान मंत्री कार्यालय के दिनांक 30 जून, 2025 के कार्यालय आदेश सं. A-22014/3/2019-PME के संदर्भ में श्री मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक (रा. भा.) ने दिनांक 01.07.2025 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

3. राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक (रा. भा.) को **दिनांक 01 जुलाई, 2025 (पूर्वाह्न) से 15 जुलाई, 2025 (अपराह्न)** तक की अवधि के दौरान **अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting)** में रखा गया। अनिवार्य प्रतीक्षा की अवधि के वेतन का भुगतान आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

4. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

राजेश
15/7/25

**(राजेश कुमार)**
**सहायक निदेशक (सेवा)**

सेवा में,

1. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), प्रधान मंत्री कार्यालय, साऊथ ब्लॉक, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक (रा. भा.) की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
2. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), आर्थिक कार्य विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
3. श्री मनोज कुमार ठाकुर, उप निदेशक (रा. भा.), राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
4. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाईल।

-------